सुबह उठके माँ से जब बात होती है

सुबह उठके माँ से जब बात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है.....

नित सवेरे उठके ज्योत जगाता हूँ,
मैया जी के दर्शन में ज्योति मैं पता हूँ,
वोही मेरी पहली मुलाकात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है,
सुबह उठके माँ से जब बात होती है......

घर से निकलता हुँ जो भी अपने काम से,
माँ की कृपा से बन जाता वो आराम से,
यहाँ अपने नसीबो की बात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है,
सुबह उठके माँ से जब बात होती है....

पूरा दिन मेरे दिल मे रहती माँ की याद है,
उनको माँ शेरोवाली देती मुराद है,
यहाँ नित रेहमतो की बरसात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है,
सुबह उठके माँ से जब बात होती है....

सारा दिन खुशियो की होती बरसात है,
जिधर भी जाऊ मिलती सुखो की सौगात है,
भक्तो पे भी ऐसी करामात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है,
सुबह उठके माँ से जब बात होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है,
ख़ुशी पूरा दिन मेरे साथ होती है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24949/title/subah-uthke-maa-se-jab-baat-hoti-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |